Bharat Temples

राखी भाई बहन का त्यौहार है,
ये त्यौहार है,
प्यार से गहरा होता,
ये प्यार है,
होता ये प्यार है ।।

तर्ज आज मौसम बड़ा।

बाँध के राखी कृष्ण कलाई,
बाँध के राखी कृष्ण कलाई,
आज खुश है बहुत नानी बाई,
गम नहीं गर मेरा कोई भाई,
भाई मेरा है कृष्ण कन्हाई,
इसको पाकर मेरा,
खुश ये मेरा संसार है,
राखी भाई बहन का त्यौहार है,
ये त्यौहार है ।।

ध्यान रखता हमेशा हमारा,
ध्यान रखता हमेशा हमारा,
हर कदम पे ये देता सहारा,
थोड़ा नटखट है ये प्यारा प्यारा,
भाई बन जीवन मेरा संवारा,
मेरा अनमोल सबसे,
ये उपहार है,

राखी भाई बहन का त्यौहार है,
ये त्यौहार है।।

जबसे भाई इसे मैंने माना,
जबसे भाई इसे मैंने माना,
मिल गया जैसे मुझको खजाना,
सबसे अच्छे से भाई को पाना,
मेरी खुशियों का है ना ठिकाना,
कुंदन हर पल मेरा,
अब तो गुलजार है,
राखी भाई बहन का त्यौहार है,
ये त्यौहार है।।

राखी भाई बहन का त्यौहार है,
ये त्यौहार है,
प्यार से गहरा होता,
ये प्यार है,
होता ये प्यार है।।

Singer Toshi Kaur Ji

Source: https://www.bharattemples.com/rakhi-bhai-behan-ka-tyohar-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw